**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 22.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **नवरात्र, दशहरा आदि त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने तथा आमजनमानस में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में किया गया रुट मार्च।**
- **रुट मार्च के दौरान बालिकाओं/महिलाओं से बातचीत कर उनकी सुरक्षा के उपायों के बारे में दी गई जानकारी।**

**विवरण-** नवरात्र, दशहरा आदि त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने तथा आमजनमानस में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु आज दिनांक 22.09.2025 को श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस., जिलाधिकारी बांदा श्रीमति जे. रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा शहर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ किया गया रुट मार्च। बाबूलाल चौराहा, मुख्य बाजार, महेश्वरी देवी मन्दिर व रेलवे स्टेशन सहित मिश्रित आबादी वाले व भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त करते हुए लोगों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया। रूट मार्च के दौरान मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत बालिकाओं/महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा के उपायों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान पंपलेट वितरित किए गए तथा महिलाओं से फीडबैक भी लिया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से भी वार्ता कर शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही त्यौहारों के अवसर पर भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करने हेतु कहा गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा सुश्री मेविस टॉक व सिटी मजिस्ट्रेट श्री संदीप केला सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।